
पंजाब केसरी
FRI,09 JANUARY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# एच.पी.एस.ओ.एस. विशेष अंक सुधार परीक्षा का परिणाम घोषित

धर्मशाला, 8 जनवरी (प्रियंका): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत सितम्बर 2025 में आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की विशेष अंक सुधार परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है।



बोर्ड अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि 10वीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.84 फीसदी जबकि 12वीं कक्षा का परिणाम 89.19 प्रतिशत रहा है। अभ्यर्थी अपना विस्तृत परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों के परिणाम विभिन्न श्रेणियों में रखे गए हैं।


पात्रता संबंधी कारणों से विलंबित परिणाम को आर.एल.ई., किसी विसंगति के कारण रोके गए परिणाम को आर.एल.डी., पूर्व परिणाम यथावत रहने पर पी.आर.एस. तथा पूर्व परिणाम रद्द होने की स्थिति में पी.आर.सी. श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। अभ्यर्थी अपनी-अपनी श्रेणी के अनुसार आगामी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं और री-चैकिंग (पुन: जांच) करवाना चाहते हैं वे 23 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये आवेदन केवल संबंधित एच.पी.एस.ओ.एस. अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए प्रति विषय 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि जिन अभ्यर्थियों का परिणाम पी.आर.सी. घोषित हुआ है उनके पुराने प्रमाणपत्र एक माह के भीतर सत्यापन हेतु बोर्ड कार्यालय में जमा करवाए जाएं।

Divya Himachal 09-01-2026

# एसओएस 10वीं-12वीं का रिजल्ट जारी

## शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने की घोषणा; दसवीं का 77.84, 12वीं का 89.19 फीसदी रहा परिणाम

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत सितंबर, 2025 में आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की विशेष अंक सुधार परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने रिजल्ट की घोषणा करते हुए बताया कि इस बार 10वीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.84 फीसदी रहा, जबकि 12वीं कक्षा का परिणाम 89.19 प्रतिशत रहा। अभ्यर्थी अपना विस्तृत परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चैक कर सकते हैं। बोर्ड द्वारा जारी परिणामों में कुछ अभ्यर्थियों के रिजल्ट को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इसमें पात्रता संबंधी कारणों से विलंबित परिणाम को (आरएलई) किसी विसंगति के कारण रूके हुए परिणाम को (आरएलडी) पूर्व परिणाम यथावत रहने पर (पीआरएस) तथा पूर्व परिणाम रद्द होने की स्थिति में (पीआरसी) श्रेणी में रखा गया है। अभ्यर्थी अपनी श्रेणी के अनुसार अग्रिम प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। बोर्ड ने संबंधित अध्ययन केंद्रों को विशेष निर्देश दिए हैं कि जिन अभ्यर्थियों का परिणाम पीआरसी घोषित हुआ है, उनके पुराने प्रमाणपत्र एक माह के भीतर सत्यापन हेतु बोर्ड कार्यालय में जमा करवाए जाएं। परिणाम या अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच बोर्ड के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। मैट्रिक के लिए 01892-242199 और प्लस-टू के लिए 01892-242152 नंबर जारी किए गए हैं।

### री-चैकिंग के लिए 21 तक ऑनलाइन करें अप्लाई

जो अभ्यर्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं और री-चैकिंग (पुनः जांच) करवाना चाहते हैं, वे 21 जनवरी, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह आवेदन केवल संबंधित एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए बोर्ड द्वारा प्रति विषय 800 शुल्क निर्धारित किया गया है।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
08 जनवरी, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# 10वीं व 12वीं का विशेष अंक सुधार परीक्षा परिणाम घोषित

**10वीं का 77.84% व 12वीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत परिणाम रहा 89.19% : डॉ. राजेश शर्मा**

**बोर्ड की वेबसाइट पर अभ्यर्थी देख सकते हैं परीक्षा परिणाम**



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत सितंबर 2025 मे आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की विशेष अंक सुधार परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस बार 10वीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.84 फीसदी रहा है, जबकि 12वीं कक्षा का परिणाम 89.19 प्रतिशत रहा। अभ्यर्थी अपना विस्तृत परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर चेक कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा जारी परिणामों मे कुछ अभ्यर्थियों के रिजल्ट को विभिन्न श्रेणियों मे वर्गीकृत किया गया है। इसमें पात्रता संबंधी कारणों से विलंबित परिणाम को विसंगति के कारण रुके हुए परिणाम को पूर्व परिणाम यथावत रहने पर तथा पूर्व परिणाम रद्द होने की स्थिति मे श्रेणी में रखा गया है। अभ्यर्थी अपनी श्रेणी के अनुसार अग्रिम प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी अपने अंको से संतुष्ट नहीं हैं और री-चेकिंग ( पुनरू जांच ) करवाना चाहते हैं, वे 23 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह आवेदन केवल संबंधित एचपीएसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए बोर्ड द्वारा प्रति विषय 800 शुल्क निर्धारित किया गया है।

बोर्ड ने संबंधित अध्ययन केंद्रों को विशेष निर्देश दिए हैं कि जिन अभ्यर्थियों का परिणाम च्च्




घोषित हुआ है, उनके पुराने प्रमाणपत्र एक माह के भीतर सत्यापन हेतु बोर्ड कार्यालय में जमा करवाए जाएं। परिणाम या अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच बोर्ड के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। मैट्रिक के लिए 01892-242199 और प्लस-टू के लिए 01892-242152 नंबर जारी किए गए हैं।